# उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-सूची

-------

गुरुवार, 30 माघ, शक संवत् 1947

(दिनांक 19 फरवरी, 2026 ई0)

-------

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1-प्रश्न [देखिये नत्थी (क)]।

2-वित्त मंत्री, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का आयुष पर प्रतिवेदन उत्तर प्रदेश सरकार वर्ष 2025 का प्रतिवेदन संख्या-10 (निष्पादन लेखा परीक्षा-सिविल) को सदन के पटल पर रखेंगे।

3-वित्त मंत्री, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के कार्य-कलापों पर प्रतिवेदन उत्तर प्रदेश सरकार वर्ष 2025 का प्रतिवेदन संख्या-14 (निष्पादन लेखा परीक्षा-सिविल) को सदन के पटल पर रखेंगे।

4-प्रमुख सचिव, विधान सभा, उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 2023 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करेंगे कि-

(1) निम्नलिखित विधेयक, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 18 फरवरी, 2026 को वापस प्राप्त हो गया :-

(i) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026

(ii) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026

(2) निम्नलिखित विधेयक, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 17 फरवरी, 2026 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 18 फरवरी, 2026 को वापस प्राप्त हो गया :-

(i) उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2026

(ii) उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2026

5-सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनाएं, यदि कोई हों।

6-विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

7-याचिकाओं का उपस्थापन [देखिये नत्थी (ख)]।

8-नियम-315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणाएं, यदि कोई हों।

9-मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हो।

10-कार्य-स्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

11-वित्त मंत्री यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्ध (संशोधन) विधेयक, 2026 पर विचार किया जाय।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
| --- | --- |
| श्री माता प्रसाद पाण्डेय,<br>श्री शिवपाल सिंह यादव,<br>श्री कमाल अख्तर,<br>श्री अतुल प्रधान,<br>श्री जय प्रकाश अंचल,<br>श्री नफीस अहमद,<br>श्री विरेन्द्र कुमार यादव,<br>श्री ओम प्रकाश,<br>डा0 संग्राम यादव,<br>इंजी0 सचिन यादव,<br>श्री पंकज पटेल,<br>श्री पंकज कुमार मलिक,<br>श्री राकेश कुमार यादव, | उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्ध (संशोधन) विधेयक, 2026 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय, जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे। |

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| डा0 आर0 के0 वर्मा, | |
| श्री शाहिद मंजूर, | |
| श्री गौरव कुमार रावत, | |
| श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, | |
| श्री बेचई सरोज, | |
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान, | |
| श्रीमती पूजा, | |
| एवं | |
| श्री दुर्गा प्रसाद यादव। | |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

12-वित्त मंत्री यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्ध (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया जाय।

13-वित्तीय वर्ष 2026-2027 के आय-व्ययक के निम्नलिखित अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान :-

(1) कृषि मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2027 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-11-कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (कृषि) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये 10996,68,02,000 (दस हजार नौ सौ छियानवे करोड़ अड़सठ लाख दो हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

[अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग)]

(2) जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2027 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-94-सिंचाई विभाग (निर्माण कार्य) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये 18190,35,59,000 (अट्ठारह हजार एक सौ नब्बे करोड़ पैंतीस लाख उनसठ हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

[अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग)]

(3) जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2027 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-95-सिंचाई विभाग (अधिष्ठान) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक

धनराशि की पूर्ति के लिये 6625,41,23,000 (छः हजार छः सौ पच्चीस करोड़ इकतालीस लाख तेईस हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

[अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग)]

(4) नगर विकास मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2027 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-37-नगर विकास विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये 23944,92,02,000 (तेईस हजार नौ सौ चौवालीस करोड़ बानवे लाख दो हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

[अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग)]

(5) लघु उद्योग मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2027 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-03-उद्योग विभाग (लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये 3812,48,63,000 (तीन हजार आठ सौ बारह करोड़ अड़तालीस लाख तिरसठ हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

[अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ग)]

14-नियम-51 के अन्तर्गत अविलम्बनीय, लोक महत्व के विषय पर ध्यान आकृष्ट करने की सूचनाएं, यदि कोई हों।

15-विधान सभा क्षेत्र मछलीशहर के प्राथमिक विद्यालय सहरमा विकास खण्ड बरसठी में नियमित शिक्षकों की तैनाती के सम्बन्ध में डॉ0 रागिनी द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा मंत्री का वक्तव्य।

16-जनपद हमीरपुर मुख्यालय में बेतवा एवं यमुना नदियों में दीर्घ सेतु एवं बाईपास कार्य समय से न पूर्ण होने एवं शासकीय धन की क्षति होने के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आरोप तय करते हुये कठोरतम कार्यवाही कर रुके कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य।

17-जनपद औरैया के सहार विकास खण्ड की ग्राम पंचायत नारायणपुर शहबाजपुर में कतिपय सड़क निर्माण के सम्बन्ध में श्रीमती रेखा वर्मा द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य।

18-जनपद प्रयागराज के सोरांव अन्तर्गत विकास खण्ड बहरिया के ग्राम पंचायत टिकरी में सारंगापुर टिटिमपुर तथा ग्राम पंचायत रामपुर उर्फ दौलतपुर के मौजा देवरा में काली रोड से पं0 जवाहर लाल नेहरू इण्टर कॉलेज तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में श्रीमती गीता शास्त्री द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य।

19-विधान सभा क्षेत्र भिनगा जनपद श्रावस्ती अन्तर्गत विकास खण्ड सिरसिया के ग्राम पंचायत मदरहवा से पिपरहवा तक सड़क पक्की कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती इन्द्राणी वर्मा द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य।

20-शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर खरीद फरोख्त करके तथा भू-लेख के विपरीत अवैध कब्जे को भू-माफियाओं से मुक्त कराने के सम्बन्ध में श्री बेदी द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य।

21-विधान सभा क्षेत्र जफराबाद, जौनपुर हेतु निर्धारित आवंटित पूर्वांचल विकास निधि जिलांश की स्वीकृति न होने के सम्बन्ध में श्री जगदीश नारायण राय द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य।

22-जनपद आजमगढ़ में विधान सभा क्षेत्र मेंहनगर के अन्तर्गत ग्राम बीबीपुर से उचहुवां तक मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती पूजा द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य।

23-विधान सभा क्षेत्र बिल्हौर, कानपुर नगर के ग्राम रामपुर नरुआ की पुलिस चौकी एवं थाना क्षेत्र की समस्या के सम्बन्ध में श्री मोहित सोनकर (राहुल बच्चा) द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य।

लखनऊ :
दिनांक 19 फरवरी, 2026 ई0

आज्ञा से,
**प्रदीप कुमार दुबे,**
प्रमुख सचिव।

-------

**तारांकित प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने की तिथि |
|---|---|
| *1-14 | 01-02-2026 |
| *15-17 | 05-02-2026 |
| *18 | 06-02-2026 |

**अतारांकित प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने की तिथि |
|---|---|
| 1-79 | 05-02-2026 |
| 80-124 | 06-02-2026 |

# नत्थी (क)

# उत्तर प्रदेश विधान सभा

गुरुवार, 30 माघ, शक संवत् 1947

(दिनांक 19 फरवरी, 2026 ई0)

-----------

(नोट :-प्रश्नकर्ता के नाम के नीचे मुद्रित तिथि प्रश्न की प्राप्ति की तिथि है, प्रश्नों पर कार्यवाही प्राप्ति के क्रम में की गयी है। जिन प्रश्नों में तिथि व्यतिक्रम है, वे स्थानान्तरित प्रश्न हैं।)

## तारांकित प्रश्न

श्री अनिल प्रधान
10-01-2026

*1-[04-गुरुवार हेतु स्थगित।]

------

डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ0 आर0 के0 वर्मा
10-01-2026

*2-क्या पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम लिमिटेड, लखनऊ के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 से 2025 तक पिछड़े वर्ग के कितने युवक-युवतियों को तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया तथा प्रशिक्षणोपरान्त कितने युवक-युवतियों को सरकारी अनुदान देकर रोजगार स्थापित कराया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पिछड़ा वर्ग कल्याण-2

------

श्री संदीप सिंह
10-01-2026

*3-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के किन-किन जनपदों में सरकार की नई औद्योगिक इकाई स्थापित कराने की क्या योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-6

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 संग्राम यादव<br>10-01-2026 | *4-[दिनांक 12-02-2026 के तारांकित प्र0सं0-04 के द्वारा उत्तरित।] | |
| श्री समरपाल सिंह<br>10-01-2026 | *5-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि फसलों में प्रयुक्त कीटनाशकों/रसायनों के दुष्प्रभावों से जनमानस को सुरक्षित रखने के दृष्टिगत प्रदेश में हानिकारक कीटनाशकों/रसायनों का उत्पादन, बिक्री और प्रयोग प्रतिबन्धित करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |
| श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी<br>10-01-2026 | *6-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसानों को रसायन/उर्वरक उपलब्ध करने के क्या मानक हैं ? क्या सरकार के संज्ञान में है कि किसानों को खरीफ एवं रबी के फसलों की बुआई एवं सिंचाई के बाद उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |
| श्री अखिलेश<br>10-01-2026 | *7-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्रान्तीय रक्षक दल के जवानों को नियमित किए जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्री पंकज मलिक<br>11-01-2026 | *8-[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।] | |
| श्री महेन्द्र नाथ यादव<br>11-01-2026 | *9-क्या खेल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नगर पंचायत एवं नगर पालिका क्षेत्रों में बने स्टेडियमों में खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने के कारण उक्त स्टेडियम उद्देश्य विहीन एवं लगभग अनुपयोगी बने हुए हैं ? क्या उक्त स्टेडियम में प्रशिक्षकों की भर्ती सरकार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल<br>11-01-2026 | *10-क्या व्यावसायिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित युवकों को सरकारी नौकरी में नियुक्ति का प्रावधान है ? यदि हां, तो कितने युवक सरकारी नियुक्ति पा चुके हैं ? यदि नहीं, तो प्रशिक्षित युवकों को कहीं समायोजित करने की कोई व्यवस्था है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 रागिनी<br>11-01-2026 | *11-क्या कृषि विपणन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मण्डी परिसर के रख-रखाव एवं मण्डी समिति द्वारा निर्मित सड़कों की मरम्मत करवाने की कोई कार्य योजना सरकार द्वारा प्रस्तावित है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अतुल प्रधान<br>13-01-2026 | *12-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बढ़ती महंगाई के दृष्टिगत वर्ष 2026 में वृद्धावस्था पेंशन राशि को बढ़ाकर दोगुना करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>13-01-2026 | *13-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसानों को समय पर खाद (विशेषकर DAP) और बीज उपलब्ध कराने में किन-किन कारणों से व्यवधान आ रहे हैं ? क्या सरकार बताएगी कि विगत दो वर्षों में खाद और बीज की कमी से कितने किसान प्रभावित हुए हैं और किन जिलों/क्षेत्रों में समस्या सबसे गम्भीर रही तथा इस समस्या के समाधान हेतु सरकार द्वारा कौन-कौन से ठोस कदम उठाए गए हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री लकी यादव<br>14-01-2026 | *14-क्या उद्यान मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आलू के संरक्षण एवं सम्वर्द्धन हेतु उत्तर प्रदेश राज्य आलू बोर्ड का गठन करने तथा आलू अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने तथा आलू किसानों को प्रति हेक्टेयर कम लागत में आलू की अधिक उपज और विभिन्न रोगों से आलू की फसल बचाने का प्रशिक्षण दिलाये जाने की योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' 19-01-2026 | *15-क्या व्यावसायिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विगत 8 वर्षों में कितने आई0टी0आई0 कॉलेज स्वीकृत किये गये तथा कितने बनकर तैयार हो गये एवं उनमें से कितने आई0टी0आई0 कॉलेज पी0पी0पी0 मॉडल पर स्वीकृत हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त स्वीकृत पी0पी0पी0 मॉडल द्वारा बने आई0टी0आई0 कॉलेज में से कितने पूर्णरूप से संचालित हैं तथा कितने आंशिक रूप से संचालित हैं एवं कितने शेष हैं ? क्या सरकार सभी स्वीकृत आई0टी0आई0 कॉलेजों को संचालित करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल 21-01-2026 | *16-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पुत्री विवाह अनुदान योजना सम्बन्धी कोई शासनादेश लागू है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार बतायेगी कि ऐसे लाभार्थियों जिनका विवाह फरवरी माह में सम्पन्न हुआ हो तथा जो आवेदन विवाह से 90 दिन पूर्व या 90 दिन बाद नहीं कर सके और अप्रैल माह में अगले वित्तीय वर्ष में आवेदन करते हैं, उक्त लाभार्थियों के आवेदन को अगले वित्तीय वर्ष में शामिल किये जाने हेतु शासनादेश जारी करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान 27-01-2026 | *17-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कृषि अपशिष्टों को खेतों में जलाने से रोकने हेतु किसानों को प्रोत्साहन करने की योजनाएं प्रचलित हैं ? यदि हाँ, तो उक्त योजनाएं क्या हैं ? क्या सरकार किसानों को प्रतिवर्ष गारण्टीशुदा दिनों की कृषि मजदूरी दिलाना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 वीरेन्द्र यादव 31-01-2026 | *18-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सरकार ने उद्योगों के विकास हेतु कोई योजनाएं बनाई हैं ? यदि हां, तो क्या तथा इन योजनाओं से राज्य में कितना रोजगार उत्पन्न हो रहा है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-6 |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल<br>15-01-2026 | 1-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसानों को लगातार बुवाई और सिंचाई के दौरान यूरिया और डीएपी खाद की किल्लत से जूझना पड़ रहा है तथा बिचौलिए द्वारा कालाबाजारी की जा रही है ? क्या सरकार के संज्ञान में है ? क्या सरकार उक्त समस्या के समाधान के लिए किसानों को सहजता से खाद उपलब्ध कराने पर कोई योजना बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | कृषि-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>15-01-2026 | 2-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बुन्देलखण्ड क्षेत्र में युवाओं के रोजगार हेतु कोई औद्योगिक नीति अथवा औद्योगिक विकास क्षेत्र में सरकार द्वारा कोई योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>15-01-2026 | 3-क्या आबकारी मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कम उम्र के युवाओं तथा विशेषकर दलित और गरीब बस्तियों में शराब व अन्य नशों के सेवन की प्रवृत्ति निरन्तर बढ़ रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार ने इस बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने तथा शराब की खरीद-फरोख्त और नशे के सेवन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के लिए कोई विशेष कार्य योजना या नीति बनाई है ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आबकारी-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>15-01-2026 | 4-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समुदाय के गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों की पुत्रियों के विवाह हेतु सरकार द्वारा कितनी अनुदान राशि प्रदान की जा रही है ? क्या सरकार वर्तमान महंगाई और विवाह आयोजन के बढ़ते खर्चों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त विवाह अनुदान राशि में वृद्धि करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण-3 |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>16-01-2026 | 5-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 की निःशुल्क कोचिंग योजनाओं का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई0डब्लू0एस0) के अभ्यर्थियों को नहीं मिल रहा है ? क्या सरकार गरीब तबके के इन युवाओं को इस योजना में शामिल करने के लिए ठोस कदम उठाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान<br>16-01-2026 | 6-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत कृषि वैज्ञानिकों की आई0सी0ए0आर0 अधीन कार्यरत कृषि वैज्ञानिकों के मुकाबले वेतनमान, पदोन्नति और सेवाशर्तों आदि में अन्तर से सरकार परिचित है ? यदि हां, तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत कृषि वैज्ञानिकों तथा आई0सी0ए0आर0 अधीन कार्यरत कृषि वैज्ञानिकों के सेवाशर्तों आदि में अन्तर को समाप्त करना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>16-01-2026 | 7-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर की विधान सभा क्षेत्र चांदपुर मे किसानों को उन्नत बीज और कृषि कार्य हेतु नई तकनीकी कृषि विज्ञान केन्द्र खोलने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>16-01-2026 | 8-क्या युवा कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए खेल-कूद की समुचित व्यवस्था नहीं होने से असुविधा होती है ? क्या सरकार युवाओं के हित में मिनी स्टेडियम का निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज पटेल<br>16-01-2026 | 9-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जनवरी 2018 से दिनाँक 16 जनवरी 2026 तक अलग-अलग ग्लोबल समिट में कितने प्रस्ताव आए ? उनकी कुल वैल्यू क्या थी एवं कितने प्रस्ताव पर काम शुरू | औद्योगिक विकास-6 |

| | | |
|---|---|---|
| | हो चुका है ? उक्त प्रस्ताव में कितने लोगों को उससे रोजगार मिला है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजेश यादव<br>16-01-2026 | 10-क्या व्यावसायिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बदायूं के विधान सभा क्षेत्र सहसवान के अन्तर्गत ग्राम सभा रियोनाई विकास खण्ड सहसवान में आई0टी0आई0 कॉलेज बनवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>17-01-2026 | 11-क्या सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर की विधान सभा क्षेत्र चांदपुर मे वर्ष 2022 से वर्तमान तक कुल कितनी औद्योगिक ईकाइयां लगीं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>17-01-2026 | 12-क्या युवा कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर की विधान सभा क्षेत्र चांदपुर के ब्लाक जलीलपुर, नूरपूर व हल्दौर में युवकों के लिए मिनी स्टेडियम बनाने की योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>17-01-2026 | 13-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मझवार समाज अनुसूचित जाति के श्रेणी में चिन्हित है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार के संज्ञान में है कि जनपद फिरोजाबाद में मझवार समाज को अनुसूचित जाति का जाति प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है ? क्या सरकार जनपद फिरोजाबाद में मझवार समाज को अनुसूचित जाति का जाति प्रमाण-पत्र निर्गत कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान<br>18-01-2026 | 14-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कितने एफ0पी0आ0 (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) कार्यरत हैं तथा सरकार द्वारा विगत पांच वर्ष में प्रदेश के कितने एफ0पी0ओ0 (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) को | कृषि-2 |

आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है एवं सहायता प्राप्त एफ0पी0ओ0 से कितने किसानों को कितना लाभ प्राप्त हुआ है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>19-01-2026 | 15-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद की तहसील जसराना में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत कितने पात्र किसानों की आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी की जानी लम्बित है ? क्या सरकार इन किसानों की आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी किये जाने की समय-सीमा निर्धारित करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-5 |
| | ------ | |
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>19-01-2026 | 16-क्या युवा कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के शहर चांदपुर मे युवाओं के लिए एक मिनी स्टेडियम बनाये जाने की योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| | ------ | |
| श्री अनिल प्रधान<br>19-01-2026 | 17-क्या आबकारी मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट में आबकारी विभाग की सह पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों पर जगह-जगह अवैध शराब बिक्री की सूचना सरकार के संज्ञान में है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कार्य में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आबकारी-1 |
| | ------ | |
| श्री सर्वेश सिंह<br>20-01-2026 | 18-क्या युवा कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में स्टेडियम बनाये जाने की कोई योजना संचालित है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में ग्रामीण स्टेडियम बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| | ------ | |
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>20-01-2026 | 19-क्या उद्यान मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रदेश में आलू का कुल कितना उत्पादन हुआ है तथा राज्य के भीतर इसका अनुमानित उपभोग कितना है ? क्या सरकार प्रदेश में आलू के सुरक्षित भण्डारण, उचित मूल्य पर विक्रय तथा उसके प्रसंस्करण हेतु सरकार | उद्यान |

ने कोई विशेष नीति या कार्य योजना बनाई है ? यदि हां, तो क्या सरकार किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए आलू आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने और कोल्ड स्टोरेज की क्षमता बढ़ाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>21-01-2026 | 20-क्या उद्यान मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में संचालित 'वन ब्लाक वन क्राप' योजना के तहत प्रदेश भर में ब्लाकवार कौन-कौन सी औधानिक फसल चयनित की गयी है ? क्या सरकार इस विशेष औधानिक फसल को उगाने हेतु ग्राम पंचायतवार किसानों को प्रोत्साहित किये जाने के लिये विशेष अभियान चलाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 वीर विक्रम सिंह ''प्रिंस''<br>21-01-2026 | 21-क्या उद्यान मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर अन्तर्गत जिला उद्यान विभाग कार्यालय में कृषकों को सब्जियों के बीज 20 नवम्बर तक न मिलने पर बीज बोने का समय निकल गया जिससे किसानों को नुकसान हुआ है ? क्या सरकार इसकी जांच करा कर समय से बीज किसानों को उपलब्ध कराने के आदेश देगी ? क्या सरकार किसानो को हुए नुकसान का मुआवजा भी देने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 वीर विक्रम सिंह ''प्रिंस''<br>21-01-2026 | 22-क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर में जिला दिव्यांग कल्याण कार्यालय में 01-04-24 से 01-11-25 तक कितनी ट्राई साइकिल सादी तथा कितनी बैट्री वाली ट्राई साइकिल तथा कितनी कान की मशीनें किस-किस फर्मों से कितनी धनराशि की कब-कब खरीदी गई तथा अन्य क्या-2 उपकरण उपरोक्त तिथियों में क्रय किये गये तथा किन-किन दिव्यांगों को कब-कब वितरित किये गये ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं,तो क्यों ? | दिव्यांगजन सशक्तिकरण-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 वीर विक्रम सिंह ''प्रिंस''<br>21-01-2026 | 23-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में शासन द्वारा अटैचमेन्ट पर कर्मचारियों/अधिकारियों पर पूर्णता रोक लगी है उसके बाद भी आलोक कुमार, | समाज कल्याण-1 |

समाज कल्याण अधिकारी जो हरदोई जनपद में कार्यरत है, किस मजबूरी के कारण जनपद शाहजहांपुर में अटैच कर दिया गया है। क्या सरकार को जानकारी है कि आलोक कुमार ए0डी0ओ0 का एक माह पूर्व ही स्थानान्तरण जनपद शाहजहांपुर से हरदोई हुआ था । इन्होंने अपने कार्यकाल में शाहजहांपुर में व्यापक स्तर पर अनियमितायें की थीं ? क्या सरकार ए0डी0ओ0 उपरोक्त समाज कल्याण के कार्यकाल की जांच प्रश्नकर्ता से साक्ष्य लेकर पूरी कराने के आदेश देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>21-01-2026 | 24-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्रान्तीय रक्षक दल के जवानों को नियमित ड्यूटी दिए जाने और नियमित वेतनमान दिए जाने की कोई योजना सरकार बनाएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| | ------ | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>22-01-2026 | 25-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया में वर्ष 2021 से सितम्बर, 2025 तक सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कितने ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन किये गये तथा उक्त के सापेक्ष कितने आवेदकों को अनुदान से लाभान्वित किया गया ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण-3 |
| | ------ | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>22-01-2026 | 26-क्या कृषि विपणन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के सोनबरसा में स्थापित कृषि उत्पादन मण्डी को संचालित कराने की सरकार ने कोई कार्य योजना बनाई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार-1 |
| | ------ | |
| श्री जाहीद<br>22-01-2026 | 27-क्या लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद भदोही, मिर्जापुर, शाहजहांपुर और सीतापुर एवं अन्य जिले में संचालित कारपेट उद्योग को मन्दी से उबारने तथा बढ़ावा देने के लिए सरकार कारपेट उद्योग को बेलआउट देने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम-4 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>23-01-2026 | 28-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के किसानों को आलू बुवाई हेतु बीज, खाद तथा कीटनाशकों को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने की कोई ठोस योजना है ? यदि हां,तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>23-01-2026 | 29-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरकार नकली खाद की बिक्री की रोकथाम हेतु कोई विशेष अभियान चलाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्या सरकार किसानों को नकली एवं असली खाद के फर्क में जागरूकता फैलाने हेतु तहसीलवार प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>23-01-2026 | 30-क्या खेल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा खेल संसाधनों पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद भी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन गिरने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश में खेल प्रशिक्षकों के कुल कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार रिक्त पदों को भरेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>23-01-2026 | 31-क्या खेल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरकार लखन0 स्थिति स्पोर्ट्स कालेज में विगत 10 वर्षों से निर्माणाधीन इन्डोर साइकिल ट्रैक (वेलोड्रोम प्रोजेक्ट) के निर्माण कार्य को पूर्ण किये जाने की तय समय-सीमा क्या थी एवं अभी तक तय बजट के सापेक्ष कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है ? क्या सरकार उक्त साइकिल ट्रैक को तय समय-सीमा में पूर्ण करा दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>24-01-2026 | 32-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जापानी कम्पनियों को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा स्थापित की जा रही जापानी डैस्क व्यवस्था को किस कार्य प्रणाली के तहत विकसित की जा रही है और वर्तमान में इस व्यवस्था के तहत कितनी जापानी कम्पनियों द्वारा निवेश के तय लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं साथ ही निर्धारित | औद्योगिक विकास-6 |

| | | |
|---|---|---|
| | लक्ष्यों के सापेक्ष अब तक कितना कार्य सम्पादित हो चुका है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>24-01-2026 | 33-क्या खेल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सभी मण्डलों में स्पोर्ट्स कालेज स्थापित किये जाने की तय समय-सीमा क्या है ? सरकार द्वारा इन स्पोर्ट्स कालेजों को स्थापित किये जाने हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गयी है ? सरकार द्वारा स्पोर्ट्स कालेज स्थापित किये जाने हेतु मण्डलवार किन-किन स्थानों का चयन किया गया है ? क्या सरकार आगरा मण्डल के जनपद फिरोजाबाद की तहसील जसराना में स्पोर्ट्स कालेज स्थापित कराये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>24-01-2026 | 34-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विगत तीन वित्तीय वर्षों में इनवेस्ट यू0पी0 के अन्तर्गत कितनी राशि की निवेश परियोजनायें प्रस्तावित की गईं और उनमें से वर्तमान में कितनी परियोजनाएं धरातल पर नहीं उतर सकी हैं ? क्या सरकार उक्त सभी निवेश परियोजनाओं की सूची सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान<br>24-01-2026 | 35-क्या व्यावसायिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि एक जिला एक उद्योग योजना के अन्तर्गत प्रत्येक जिले में चयनित उद्योग से सम्बन्धित आधुनिक तकनीकी शिक्षा उस जिले में स्थापित आई0टी0आई0 केन्द्रों के पाठ्यक्रम में शामिल करने की योजना सरकार बनाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>24-01-2026 | 36-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राज्य सम्पत्ति कार्यालय, लखनऊ में वर्तमान में विधायकगणों द्वारा आवास आवंटन/स्थानान्तरण हेतु कितने प्रकरण लम्बित हैं, उक्त के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त मामलों का निस्तारण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राज्य सम्पत्ति-2 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत 24-01-2026 | 37-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झाँसी में खरीफ वर्ष 2025 में हुयी भीषण बरसात में किसानों की फसल के नुकसान की क्षतिपूर्ति क्राप कटिंग के आखिरी परिणामों के बाद प्रधानमंत्री फसल बीमा का भुगतान कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0-569778, दिनांक 20 जनवरी, 2026 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 25-01-2026 | 38-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विगत तीन वर्षों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ0डी0आई) से कितनी धनराशि का निवेश किन-किन सेक्टर में किया गया है ? क्या सरकार बतायेगी कि निवेशित सेक्टरों में निवेश की जाने वाली कुल धनराशि के सापेक्ष कितनी धनराशि का कार्य जमीनी स्तर पर पूर्ण हो चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 25-01-2026 | 39-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आपूर्ति के सापेक्ष डी0ए0पी0 की उपलब्धता को सुनिश्चित कराये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार डी0ए0पी0 की कालाबाजारी एवं तस्करी को रोकने हेतु विशेष अभियान चलाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 25-01-2026 | 40-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 में फसलों के एम0एस0पी0 में बढ़ोत्तरी पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 25-01-2026 | 41-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में संचालित मुख्य मंत्री अभ्युदय योजना के तहत अभ्युदय कोचिंग हेतु विगत तीन वित्तीय वर्षों में जनपदवार एवं कोर्सवार कितने अभ्यर्थियों ने निःशुल्क कोचिंग प्राप्त की तथा कोचिंग प्राप्त अभ्यर्थियों में से जनपदवार एवं कोर्सवार कितने अभ्यर्थियों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की एवं विगत तीन वित्तीय वर्षों में जनपदवार कितनी धनराशि व्यय की गयी ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण-3 |

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>25-01-2026 | 42-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जनपद फिरोजाबाद की तहसील जसराना में किसानों की आय बढ़ाने, खेती में नवाचार को समझाने एवं किसानों से सम्बन्धित चल रही सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर कृषि विभाग द्वारा कितनी कार्यशालाओं एवं तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ? क्या सरकार बताएगी कि उक्त कार्यक्रम तहसील जसराना के किन-किन गाँवों में आयोजित किये गये एवं इन कार्यक्रमों में कितने किसानों द्वारा भाग लिया गया ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>25-01-2026 | 43-क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद की विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में किन-किन विकास खण्डों मे दिव्यांगजनों के कितने आवेदन-पत्र पंजीकृत कराये गये तथा पंजीकृत आवेदनों के सापेक्ष वर्तमान मे कितने दिव्यांगजनों को पेंशन दी जा रही है तथा कितने आवेदन शेष हैं ? क्या सरकार शेष दिव्यांगजनों को पेंशन से लाभान्वित कराकर सम्पूर्ण सूची सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | दिव्यांगजन सशक्तिकरण-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>25-01-2026 | 44-क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा निःशुल्क इलेक्ट्रिक रिक्शा हेतु कितने पात्र दिव्यांग वंचित हैं ? क्या सरकार उक्त दिव्यांगजनों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक रिक्शा उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | दिव्यांगजन सशक्तिकरण-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>25-01-2026 | 45-क्या युवा कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के अन्तर्गत किसी गांव में बच्चों के खेलकूद व शारीरिक विकास हेतु सरकार मिनी स्टेडियम स्थापित कराने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>26-01-2026 | 46-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वृद्धजनों को मिलने वाली पेन्शन की राशि रु0-1000/- प्रतिमाह को रु0-2000/- प्रतिमाह करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>26-01-2026 | 47-क्या व्यावसायिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर 12 जुलाई से 16 जुलाई, 2025 तक मनाये गये कौशल सप्ताह के तहत जनपदवार एवं तहसीलवार कितने युवाओं को रोजगार हेतु चयनित किया गया है ? क्या सरकार उक्त की सूची सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>26-01-2026 | 48-क्या पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में पिछड़ा वर्ग की निर्धन बेटियों की शादी हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गयी ? इस आवंटित धनराशि को व्यय की जाने की तय समय-सीमा क्या है तथा वर्तमान में आवंटित धनराशि के सापेक्ष कितनी राशि जनपदवार व्यय की जा चुकी है एवं इस योजना के अन्तर्गत जनपदवार कितनी पिछड़े वर्ग की निर्धन बेटियों की शादी सरकार द्वारा सम्पन्न करायी जा चुकी है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पिछड़ा वर्ग कल्याण-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>26-01-2026 | 49-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के संचालन हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गयी ? इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के सभी जिलों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु जनपदवार किसानों को उत्पादन बढाने एवं समृद्ध बनाने हेतु कितने कार्यक्रम संचालित किये गये एवं इस योजना के अन्तर्गत जनपदवार कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>26-01-2026 | 50-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में औद्योगिक इकाई की स्थापना हेतु कोई योजना संचालित है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनपद फिरोजाबाद | औद्योगिक विकास-6 |

की विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में इण्डस्ट्रियल एरिया की स्थापना कराए जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>26-01-2026 | 51-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री के तहत कितने किसानों के रजिस्ट्रेशन कराए गए हैं एवं ऐसे कितने कृषक हैं जो फार्मर रजिस्ट्री करने से वंचित हैं और क्यों ? क्या सरकार फार्मर रजिस्ट्री से वंचित हुए किसानों का रजिस्ट्रेशन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क कैम्प लगाकर रजिस्ट्रेशन कराए जाने पर विचार करेगी ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री द्वारा किसानों को किन-किन योजनाओं का लाभ वर्ष 2025-26 में प्रदान किया गया ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | कृषि-5 |
| श्री सर्वेश सिंह<br>26-01-2026 | 52-क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में वर्तमान में मोट्राईज्ड ट्राई साइकिल हेतु कितने आवेदन लम्बित हैं ? उक्त के क्या कारण हैं ? क्या सरकार पात्र लाभार्थियों/आवेदकों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने में विलम्ब हेतु दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | दिव्यांगजन सशक्तिकरण-2 |
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान<br>26-01-2026 | 53-क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में दिव्यांग बच्चों के लिए बीते पांच वर्षों में सरकार द्वारा कितने नये आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई ? क्या सरकार पूर्व में संचालित ऐसे विद्यालयों को निश्चित समयावधि के भीतर स्वीकृत पदों के सापेक्ष कम्प्यूटर शिक्षक सहित शत-प्रतिशत शिक्षकों की तैनाती समेत चिकित्सा कक्ष स्थापना आदि से आच्छादित करना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | दिव्यांगजन सशक्तिकरण-1 |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>27-01-2026 | 54-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किन-किन कृषि यन्त्रों पर सब्सिडी प्रदान की जाती है तथा विगत एक वर्ष में कितने कृषकों को कृषि यंत्र पर अनुदान | कृषि-2 |

प्रदान किया गया है ? क्या सरकार शेष कृषि यंत्रों पर भी सब्सिडी देने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>27-01-2026 | 55-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अन्तर्गत प्रदेश के कितने जिलों एवं कितने किसानों को लाभान्वित किया गया है एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को कितनी धनराशि आवंटित की गयी एवं वर्तमान में कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है ? क्या सरकार बताएगी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के अन्तर्गत कितने किसानों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>27-01-2026 | 56-क्या खेल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं खेल-कूद में रुचि को ध्यान में रखते हुये खेल विश्वविद्यालय बनाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>27-01-2026 | 57-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पी एम गति शक्ति योजना के अन्तर्गत प्रदेश में कितने उद्योग तय समय-सीमा के अन्दर स्थापित किये जा चुके हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>27-01-2026 | 58-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि आवंटित हुयी एवं जनपदवार कितने जोड़ों का विवाह कराये जाने का लक्ष्य तय किया गया एवं वर्तमान में आवंटित राशि के सापेक्ष जनपदवार कितनी राशि व्यय हो चुकी है तथा कितने जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण-3 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>27-01-2026 | 59-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया विधान सभा क्षेत्र बैरिया में विगत तीन वर्षों में कितने किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिया गया है ? क्या सरकार लाभ से वंचित किसानों को भी फसल बीमा योजना का लाभ दिलाएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री कविन्द्र चौधरी<br>27-01-2026 | 60-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती में खाद की कमी तथा समुचित वितरण व्यवस्था न होने के कारण विगत कुछ फसली सीजन से किसानों को खेती करने में गम्भीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार बतायेगी कि जनपद बस्ती में खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु क्या-क्या कदम उठाए गए हैं ? क्या सरकार ने किसानों को खाद एवं बीज की समयबद्ध एवं पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कोई निगरानी व्यवस्था/ मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>28-01-2026 | 61-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के बाजारों में बिक रहे फसलों के नकली कीटनाशक एवं उर्वरकों की रोकथाम हेतु ठोस कानून बनाने एवं उसके सख्ती से पालन कराये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>28-01-2026 | 62-क्या सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु तकनीकी उन्नयन योजना के तहत जनपदवार कितनी इकाइयों को कितना अनुदान राशि प्रदान की गयी है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>28-01-2026 | 63-क्या उद्यान मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसानों को ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली को अपनाने हेतु ग्राम पंचायतवार विशेष अभियान चलाकर तकनीकी रूप | उद्यान |

| | | |
|---|---|---|
| | से जागरूक कराये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 28-01-2026 | 64-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में किसानों को खेत की फसलों हेतु उन्नत किस्म के बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कर इन बीजों का उपयोग किये जाने हेतु जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियान ग्राम पंचायतवार चलाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 28-01-2026 | 65-क्या युवा कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के किन-किन मिनी स्टेडियम में कौन-कौन सी खेल सुविधायें विकसित की जा चुकी हैं तथा वर्तमान में कितने युवाओं को उनकी रूचि के अनुसार खेल सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही हैं ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि विगत तीन वित्तीय वर्षों में जनपदों में खेल सुविधाओं के विकास हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि आवंटित की गयी एवं इस आवंटित धनराशि के सापेक्ष खेल-कूद के किन-किन विकास कार्यों में यह धनराशि व्यय की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| | ------ | |
| श्री मदन भैया 28-01-2026 | 66-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास के अपने पत्र संख्या 3363/73-3-18-200 एम/18, दिनांक 06.01.2019 द्वारा सी0ई0ओ0 नोएडा को ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के नोटिफाइड ग्रामों में लीज बैंक प्रकरणों में हुयी अनियमितता में तत्कालीन सी0ई0ओ0 की जांच रिपोर्ट एवं उसमें की गयी संस्तुतियों के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे ? यदि हां, तो उक्त सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-3 |
| | ------ | |
| श्री आशु मलिक 28-01-2026 | 67-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सहारनपुर में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत चयनित ग्राम पंचायतों में से विधान सभा क्षेत्र सहारनपुर देहात की 10 ग्राम पंचायतों की कार्य योजना व | कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ समाज कल्याण |

अनुमानित लागत तैयार करके समाज कल्याण विभाग को प्रेषित की गयी है, किन्तु वर्तमान तक स्वीकृति प्रदान नहीं किये जाने से विकास कार्य लम्बित हैं ? क्या सरकार उक्त ग्राम पंचायतों की धनराशि स्वीकृत करके निर्माण कार्य प्रारम्भ करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>28-01-2026 | 68-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत लभान्वित किसानों की सूची जारी कराये जाने विषयक प्रमुख सचिव, कृषि विभाग, उ0प्र0 शासन को सम्बोधित प्रश्नकर्ता का पत्र सं0 क-7 नं0-506762, दिनांक 17 अक्टूबर, 2025 प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>29-01-2026 | 69-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बायोप्लास्टिक उद्योग नीति के अन्तर्गत वर्ष 2024 में सरकार द्वारा बायोप्लास्टिक इकाइयों को स्थापित किये जाने के तय लक्ष्य क्या है तथा वर्तमान में बायोप्लास्टिक इकाइयों के स्थापना की प्रगति की क्या स्थिति है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-3 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>29-01-2026 | 70-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ इन्टीग्रेटेड आई0टी0 पार्क व इनक्युबेशन सेन्टर की स्थापना किये जाने की तय समय सीमा क्या है ? वर्तमान में इस परियोजना के अन्तर्गत कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त आई0टी0 पार्क में औद्योगिक निवेश हेतु किन-किन कम्पनियों द्वारा एम0ओ0यू0 के माध्यम से स्वीकृति प्रदान की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आई0टी0 एवं इलेक्ट्रॉनिक्स<br>[02-मंगलवार के अतारांकित प्र0सं0-07 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>29-01-2026 | 71-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में मल्टी माडल लाजिस्टिक पार्क नीति 2024 के अन्तर्गत पार्क की स्थापना करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-6 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>29-01-2026 | 72-क्या खेल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के युवाओं को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने हेतु सरकार द्वारा कौन-कौन सी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं ? क्या सरकार ने प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में खेल स्टेडियम अथवा खेल परिसर स्थापित करने की कोई योजना बनाई ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>29-01-2026 | 73-क्या युवा कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया विधान सभा क्षेत्र बैरिया में सरकार की एक समेकित खेल परिसर अथवा मिनी स्टेडियम स्थापित करने की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उसकी समय-सीमा एवं प्रस्तावित स्थल का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>29-01-2026 | 74-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद की विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज के वृद्धावस्था पेंशन के पात्र लाभार्थियों के 28-01-2026 तक कितने आवेदन लम्बित हैं ? क्या सरकार उक्त लम्बित आवेदनों को स्वीकृत कर वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिलाए जाने हेतु कोई कार्रवाई करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>29-01-2026 | 75-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे की जनपद फिरोजाबाद में समाज कल्याण द्वारा संचालित विद्यालयों की संख्या कितनी है और कहां-कहां उक्त विद्यालय है ? क्या सरकार बच्चों की बेहतर तकनीकी शिक्षा हेतु कम्प्यूटर कक्षशाला का निर्माण कराये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>29-01-2026 | 76-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद की विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में कृषकों द्वारा की जा रही फसल को और अधिक बेहतर बनाए जाने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र का निर्माण कराए जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>29-01-2026 | 77-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में किसानों की फसल सिंचाई हेतु 2022 से 28-01-26 तक कितने सोलर पावर पम्प की स्थापना सरकार द्वारा कराई गई ? क्या सरकार उक्त का ब्यौरा सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-5 |
| | ------ | |
| श्री सर्वेश सिंह<br>29-01-2026 | 78-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद की विधान सभा क्षेत्र संस्थागंज में आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25, 2025-2026 में किन-किन ग्राम पंचायत का चयन किया गया और क्या कार्य कराए गए ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ समाज कल्याण |
| | ------ | |
| श्री रामखिलाड़ी सिंह<br>29-01-2026 | 79-क्या कृषि विपणन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद संभल की विधान सभा क्षेत्र गुन्नौर के अन्तर्गत मंडी परिषद लखनऊ द्वारा निर्मित 49 ग्रामीण मार्ग वर्तमान समय में जर्जर अवस्था में हैं, जिसके कारण ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन सभी 49 मार्गों के पुनर्निर्माण अथवा मरम्मत कार्य को शीघ्र प्रारम्भ कराने की कार्यवाही करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार-1 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>30-01-2026 | 80-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में किसानों को कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान हेतु तहसीलवार जागरूकता अभियान चलाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>30-01-2026 | 81-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में नए टैक्स्टाइल पार्क बनाये जाने की योजना के तहत जनपद फिरोजाबाद की तहसील जसराना में टैक्स्टाइल पार्क बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-6 |

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>30-01-2026 | 82-क्या दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विगत तीन वित्तीय वर्षों में दिव्यांगजन के कल्याण हेतु कौन-कौन सी योजनायें संचालित की गयी एवं इनके क्रियान्वयन में कितनी धनराशि योजनावार व्यय की गयी ? क्या सरकार बताएगी कि प्रदेश में विगत पाँच वित्तीय वर्षों में दिव्यांगजनों के खेल प्रशिक्षण हेतु कितने केन्द्र स्थापित किये गये ? यदि नहीं, तो क्यों ? | दिव्यांगजन सशक्तिकरण-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>30-01-2026 | 83-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के किन शहरों में प्लग और प्ले सुविधा वाले औद्योगिक पार्क विकसित किये जा रहे हैं एवं वर्तमान में इन औद्योगिक पार्कों को विकसित किये जाने का कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है ? क्या सरकार उक्त पार्कों को पूर्ण किये जाने की तय समय सीमा निर्धारित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान<br>30-01-2026 | 84-क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बीते पांच वर्षों में कितने दिव्यांगजनों को कौन-कौन से सहायक उपकरण वितरित किये गये ? क्या सरकार पैरों से विकलांग शत प्रतिशत व्यक्तियों को बैटरीचालित ट्राईसाइकिलें और वाटर एटीएम वितरित करना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | दिव्यांगजन सशक्तिकरण-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान<br>30-01-2026 | 85-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत बीते 3 वर्षों के दौरान कितने फर्जी लाभार्थियों द्वारा उक्त योजना का लाभ उठाने की जानकारी सरकार को हुई है ? क्या सरकार फ़र्ज़ी लाभ उठाने के मामलों से जुड़े लोगों के विरुद्ध कार्यवाई का ब्यौरा सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार उक्त योजना में फर्जीवाड़ा रोकना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान<br>30-01-2026 | 86-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गरीब ई रिक्शा चालकों के हितार्थ उचित संख्या और सुविधाजनक स्थानों पर मुफ्त ई-रिक्शा चार्जिंग प्वॉइंट सरकार स्थापित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-6 |

श्री धीरेन्द्र सिंह
30-01-2026

87-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गौतमबुद्धनगर के विकास प्राधिकरणों (नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण) द्वारा सन् 2013 की 31 दिसम्बर को कितने अवार्ड दिये गए थे तथा अभी तक उक्त अवार्ड के सापेक्ष किस ग्राम के कितने कृषकों का कितना प्रतिकर राजकीय कोष में जमा है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-3

------

श्री धीरेन्द्र सिंह
30-01-2026

88-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गौतमबुद्धनगर में स्थित यथा नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में सन् 2017 से लेकर अब तक भूमि अधिग्रहण से प्रभावित कृषक और खेतीहर मजदूरों के कितने आश्रितों को नौकरियों में समायोजित करवाया गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-3

------

श्री धीरेन्द्र सिंह
30-01-2026

89-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गौतमबुद्धनगर के तीनों विकास प्राधिकरणों यथा नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरणों द्वारा अधिग्रहण के बाद भी अनेक किसानों को उनके आबादी भूखंड का कब्जा अथवा उसके समतुल्य विकल्प भूखंड वर्तमान तक आवंटित नहीं किए गए हैं, जिससे वे मूलभूत आवास सुविधाओं से वंचित हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि कितने आबादी भूखंडों का आवंटन लम्बित है और इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्राधिकरणों को क्या निर्देश दिए गए हैं ? क्या सरकार ने आबादी भूखंड न मिलने के कारण किसानों को हो रही कठिनाईयों को दूर करने के लिए, लंबित आवंटन पूरा करने की समय-सीमा निर्धारित करी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-3

------

श्री धीरेन्द्र सिंह
30-01-2026

90-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ऐसे किसान जिनकी पूरी भूमि विकास परियोजनाओं के लिए अधिग्रहीत हो गई है को भूमि के बदले भूमि का विकल्प देने की सरकार की योजना है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार बतायेगी कि इस नीति को लागू

औद्योगिक विकास-3

करने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गौतमबुद्धनगर के कितने गाँवों का चयन किया गया है ? यदि नहीं, तो उक्त का क्या कारण है ? क्या सरकार ने भूमि के बदले भूमि विकल्प के लाभ और हानि के कारकों पर विचार कर प्राधिकरणों में लागू करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री धीरेन्द्र सिंह
30-01-2026

91-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित खेतिहर मजदूरों और कारीगरों को विकास प्राधिकरणों की परियोजनाओं (जैसे निर्माण, बागवानी, रखर-खाव) में प्राथमिकता के आधार पर रोजगार प्रदान करने की क्या नीति है ? क्या सरकार बतायेगी कि विगत 7 वर्षों में, इन परियोजनाओं में कितने स्थानीय मजदूरों को स्थायी अथवा अस्थायी रोजगार दिया गया है ? क्या सरकार ने उक्त के लिए कोई जॉब पोर्टल या पंजीकरण केन्द्र स्थापित किया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-4

------

श्री राजेन्द्र कुमार
30-01-2026

92-क्या समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गोड़/कहांर जाति को अनु0 जनजाति में सम्मिलित कर लिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार बतायेगी कि गोड़/कहांर जाति को अनु0 जनजाति का प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त के क्या कारण है ? क्या सरकार अनु0 जनजाति का प्रमाण पत्र जारी करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

समाज कल्याण-3

------

डॉ0 पल्लवी पटेल
30-01-2026

93-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ स्थित राज्य सम्पत्ति विभाग के अधीन कॉलोनियों में ग्रीन गैस पाइप लाइन द्वारा गैस की आपूर्ति की जा रही है ? क्या सरकार सेक्टर ई अलीगंज स्थित राजकीय कालोनी में गैस पाइप लाइन बिछाते हुए गैस आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-6

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>30-01-2026 | 94-क्या आबकारी मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कौशाम्बी के नगर पालिका परिषद मंझनपुर के सिराथू तहसील क्षेत्र में वर्ष 2021 से वर्ष 2025 के जनवरी माह तक अवैध रूप से बनाई जा रही शराब को रोकने हेतु क्या कार्यवाही की गई है ? क्या सरकार नष्ट की गई शराब एवं कितने लोगों पर कार्यवाही की गई का विवरण पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आबकारी-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>31-01-2026 | 95-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार कुल कितने किसानों द्वारा कितने हेक्टेयर कृषि क्षेत्र का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराया गया है ? क्या सरकार प्रदेश के किसानों को आर्थिक राहत देते हुये खेती का निःशुल्क बीमा योजना संचालित करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>31-01-2026 | 96-क्या व्यावसायिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के चौथे चरण के तहत प्रदेश में जनपदवार कुल कितने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को चयनित किया गया है ? इन चयनित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में जनपदवार कुल कितने प्रशिक्षणार्थी पंजीकृत हैं एवं इस योजना के तहत इन चयनित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन पर संस्थानवार कुल कितनी धनराशि व्यय की गयी है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>31-01-2026 | 97-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि किसानों की आवश्यकतानुसार खाद की उपलब्धता समयबद्ध तरीके से कराये जाने हेतु सरकार कोई ठोस नीति बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>31-01-2026 | 98-क्या कृषि विपणन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद की विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में मंडी परिषद के मार्गों के नव निर्माण/मरम्मत कार्य हेतु प्रश्नकर्ता का निदेशक मंडी परिषद लखनऊ को पत्र संख्या-क-6 712632, दिनांक 24/12/2025 प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार-1 |

श्री धीरेन्द्र सिंह
31-01-2026

99-क्या औद्यौगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गौतमबुद्धनगर में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण द्वारा भूमि अधिग्रहण के कारण पशुपालन और डेयरी गतिविधियों पर निर्भर रहने वाली कितनी महिलाओं के रोजगार विस्थापित हुए हैं, का कोई सर्वेक्षण कराया गया है ? यदि हाँ, तो इन महिलाओं को वैकल्पिक आजीविका (जैसे दुग्ध सहकारिता, चारागाह भूमि) उपलब्ध कराने के लिए योजना का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो उन महिलाओं को रोजगार देने की कोई व्यवस्था प्राधिकरणों द्वारा की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-3

------

श्री धीरेन्द्र सिंह
31-01-2026

100-क्या औद्यौगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में भूमि अधिग्रहण के कारण खेतों पर मजदूरी करने वाली ग्रामीण महिलाओं का रोजगार उजड़ने के बाद, उन्हें विकास प्राधिकरणों की नई परियोजनाओं (जैसे हाउसकीपिंग, कैंटीन सेवा व अन्य) में प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने के लिए प्राधिकरणों की क्या नीति है ? क्या सरकार बतायेगी कि विगत 8 वर्षों में इन क्षेत्रों में कितनी महिलाओं को रोजगार दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-3

------

श्री धीरेन्द्र सिंह
31-01-2026

101-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गौतमबुद्धनगर में स्थित तीनों प्राधिकरणों, यथा नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में किसानों की अधिग्रहण की गई भूमि के सापेक्ष भूमि मालिक किसानों के लिए उन्हें अधिग्रहित जमीन पर विकसित होने वाली औद्योगिक या वाणिज्यिक परियोजनाओं में भागीदारी अथवा आय में हिस्सा दिये जाने की कोई नीति बनाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-4

------

श्री धीरेन्द्र सिंह
31-01-2026

102-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गौतमबुद्धनगर के तीनों प्राधिकरणों में (यथा नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक

औद्योगिक विकास-4

विकास प्राधिकरण) किसानों से ली जा रही और ले ली गई जमीन, उन किसानों के लिए विकसित कर क्षेत्र में कोई कामॉर्शियल अथवा छोटे उद्योगों के रूप में किसानों के लिए क्षेत्र विकसित कर किसानों को आवंटन किए जाने की किसी योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>01-02-2026 | 103-क्या कृषि विपणन मंत्री बताने की कृपा करेंगे की जनपद फिरोजाबाद की विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज की मंडी परिसर में किसानों के खानपान हेतु कैंटीन बनी हुई है जो वर्तमान में जर्जर है तथा शौचालय की व्यवस्था न होने के कारण कृषकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं ? क्या सरकार मंडी सिरसागंज में कैंटीन एवं शौचालय का निर्माण कराए जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री धीरेन्द्र सिंह<br>01-02-2026 | 104-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में अधिग्रहीत की जा रही जमीन के भूमि मालिक किसानों को मुआवजे की राशि को सरकारी दीर्घकालिक पेंशन योजनाओं (जैसे अटल पेंशन योजना) या निश्चित आय योजनाओं में निवेश करने के लिए विशेष सलाहकार सहायता और कर प्रोत्साहन प्रदान करने की कोई योजना बनाई गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री उमर अली खान<br>01-02-2026 | 105-क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र बेहट में कृषकों की उपज/आय बढ़ाने के लिये कोई प्रयास किए जा रहे हैं ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>01-02-2026 | 106-क्या आबकारी मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कौशाम्बी के नगर पालिका परिषद मंझनपुर के सिराथू तहसील क्षेत्र में वर्ष 2021 से वर्ष 2025 के जनवरी माह तक अवैध रूप से बनाई जा रही शराब को रोकने हेतु क्या कार्यवाही की गई है ? क्या सरकार नष्ट की गई शराब एवं कितने लोगों पर कार्यवाही की गई का विवरण पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आबकारी-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धीरेन्द्र सिंह<br>02-02-2026 | 107-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विकास प्राधिकरणों में भूमि अधिग्रहण के बाद महिलाओं के नाम पर मुआवजे की राशि का वितरण और विकसित भूखंड का आवंटन सुनिश्चित करने के लिए सरकार की क्या नीति है ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त में महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा और स्वामित्व सुनिश्चित करने के लिए कोई प्रभावी नीति सरकार ने बनाई हैं ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-3 |
| | ------ | |
| श्री दुर्गा प्रसाद यादव<br>02-02-2026 | 108-क्या कृषि विपणन मंत्री बताने कि कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के अन्तर्गत मंडी परिषद के सभी सड़कें/मार्ग जर्जर हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सभी मार्गों का पुनः निर्माण का कार्य कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार-1 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>03-02-2026 | 109-क्या सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मुख्य मंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जनपदवार कुल कितने युवाओं द्वारा पंजीकरण किया गया है ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि कितने युवाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है ? जनपदवार युवाओं को ऋण दिया गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम-2 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>03-02-2026 | 110-क्या सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मुख्य मंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत युवाओं को रोजगार हेतु दिये जाने वाले ब्याज मुक्त ऋण के लिये आवश्यक पात्रता के क्या नियम हैं ? क्या सरकार बताएगी कि उक्त योजना के अन्तर्गत युवाओं को रोजगार हेतु ब्याज मुक्त ऋण दिये जाने के तय लक्ष्य क्या हैं एवं कितने युवाओं को लाभ हुआ है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम-2 |
| | ------ | |
| श्री धीरेन्द्र सिंह<br>03-02-2026 | 111-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अधिग्रहित भूमि के बदले तत्काल मुआवज़ा सहित दिए जाने की योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-3 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धीरेन्द्र सिंह<br>03-02-2026 | 112-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अधिग्रहित भूमि के मूल्य के अनुपात में किसानों को परियोजना की इक्विटी दी जाए तथा परियोजना लाभदायक होने पर किसान को लाभांश व पूँजी लाभ का हिस्सा दिलाने के दृष्टिगत ''किसान इक्विटी फंड'' अथवा ''लैंड ओनर्स शेयर होल्डिंग स्कीम'' जैसी व्यवस्था शुरू करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री धीरेन्द्र सिंह<br>03-02-2026 | 113-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में भूमि अधिग्रहण के उपरांत, किसान के कृषि कौशल (जैसे खेती, बीज भंडारण, कृषि उपकरणों का रखरखाव) को नए शहरी माहौल में उपयोगी बनाने हेतु, प्राधिकरणों के लैंडस्केपिंग अथवा शहरी कृषि परियोजनाओं में विशेष रोज़गार देने की कोई योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री उमर अली खान<br>03-02-2026 | 114-क्या कृषि विपणन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र बेहट के कस्बा बेहट में अनाज की मंडी की स्थापना सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान<br>03-02-2026 | 115-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) की अधिसूचना संख्या 5/4/2011-दिनांक 20 मार्च 2012 के माध्यम से मेगा लेदर क्लस्टर योजना हेतु दिशा-निर्देशों को अधिसूचित किए जाने की जानकारी सरकार को है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अधिसूचना के 13 वर्ष उपरांत भी अभी तक कानपुर के रमईपुर में शुरू हुई मेगा लेदर क्लस्टर परियोजना पूर्ण नहीं होने के प्रमुख कारण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री धीरेन्द्र सिंह<br>04-02-2026 | 116-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2007 से 2013 के बीच किए गए अधिकांश भूमि अधिग्रहणों के समय एन0सी0आर0 प्लानिंग बोर्ड से | औद्योगिक विकास-3 |

सम्बन्धित मास्टर प्लान/जोनल प्लान की अनिवार्य स्वीकृति प्राप्त नहीं थी, की जानकारी सरकार को है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार बतायेगी कि एन0सी0आर0 प्लानिंग बोर्ड ऐक्ट, 1985 के प्रावधानों की अनदेखी करते हुए यह अधिग्रहण किस कानूनी आधार पर किया गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री धीरेन्द्र सिंह
04-02-2026

117-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला भूमि अध्याप्ति अधिकारी गौतमबुद्धनगर द्वारा वर्ष 2007 से 2013 के मध्य यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के पक्ष में अधिग्रहीत की गई भूमिओं का अब तक किन ग्रामों के किन किसानों ने मुआवजा नहीं लिया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-3

------

श्री अखिलेश
04-02-2026

118-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राज्य सम्पत्ति अधीन आवास संख्या-बी 401, भूतनाथ, लखनऊ के अध्यासी विगत दो वर्षों से अपने स्वयं के आवास में रहने के साथ ही उक्त सरकारी आवास को भी कब्जा प्राप्त किये हैं जो विभाग के संज्ञान में है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त आवास को निश्चित समयावधि अन्तर्गत खाली कराकर आवंटित अध्यासी को कब्जा दिलायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

राज्य सम्पत्ति-2

------

श्री सर्वेश सिंह
05-02-2026

119-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राज्य सम्पति अधीन आवास संख्या एच-1, पार्क रोड, लखनऊ जो भूतल पर है और जर्जर है जिसमें सीलन होने के कारण, फर्नीचर का गलाव, छतों की गिरने की अवस्था इत्यादि समस्या के कारण प्रश्नकर्ता द्वारा अन्य स्थान पर आवास आवंटित हेतु वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री को पत्रांक क-6 712629 दिनांक 12/12/2025 एवं राज्य सम्पत्ति अधिकारी पत्रांक संख्या क-6712624 दिनांक 03/12/2025 ईमेल द्वारा प्राप्त उन्हें हुआ हैं ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ?

राज्य सम्पत्ति-2

श्री धीरेन्द्र सिंह 05-02-2026

120-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का पहला विधिवत स्वीकृत मास्टर प्लान-2031 फेज-1 उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अक्टूबर 2013 में अनुमोदित किया गया था ? यदि हाँ, तो क्या सरकार बतायेगी कि उक्त अनुमोदन की तिथि के पूर्व किए गए भूमि अधिग्रहण किस मास्टर प्लान के आधार पर किए गए ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-3

------

श्री धीरेन्द्र सिंह 05-02-2026

121-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसी भी योजना का एन0सी0आर0 रीजनल प्लान के अनुरूप होना और एन0सी0आर0 बोर्ड कन्फर्म होना अनिवार्य है ? यदि हां, तो क्या सरकार बताएगी कि बिना एन0सी0आर0 की स्वीकृति के बनाई गई योजनाओं के लिए किया गया भूमि अधिग्रहण पब्लिक परपज की शर्त को कैसे पूरा करता है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-4

------

श्री धीरेन्द्र सिंह 05-02-2026

122-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नोएडा प्राधिकरण की स्थापना के समय ही सैकड़ों वर्षों से बसे ग्रामों के सुनियोजित विकास बिना औद्योगिक और आवासीय सेक्टर विकसित किए जाने के परिणामस्वरूप उक्त गांव आज अव्यवस्थित, अस्वच्छ और स्लम-सदृश बस्तियों में परिवर्तित हो चुके हैं ? क्या सरकार ने उक्त गांवो के विकास हेतु कोई योजना बनाई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-4

------

श्री धीरेन्द्र सिंह 05-02-2026

123-क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नोएडा के जिन ग्रामों की कृषि भूमि नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित कर ली गई, उनके निवासियों के सामाजिक-आर्थिक पुनर्वास, आजीविका संरक्षण और शहरी एकीकरण के लिए सरकार की क्या योजना है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक विकास-4

| | | |
|---|---|---|
| श्री नफीस अहमद<br>05-02-2026 | 124-क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि दिव्यांग व्यक्तियों को बैटरी रिक्शा देने की मानक 80 प्रतिशत दिव्यांगता है ? क्या सरकार दिव्यांग व्यक्तियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र की प्रतिशत को घटाकर 60 प्रतिशत करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | दिव्यांगजन सशक्तिकरण-2 |

------

# नत्थी (ख)

## याचिकाओं का उपस्थापन

1-श्री जीत लाल पटेल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद प्रतापगढ़ के विधान सभा क्षेत्र विश्वनाथगंज के विकास खण्ड सण्डवा चन्द्रिका के अन्तर्गत खजूरी से डड़वा (कल्यानपुर) पैगा नाले पर पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बद्री प्रसाद वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद प्रतापगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे।

2-इंजी0 बृजेश कठेरिया, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मैनपुरी के विधान सभा क्षेत्र किशनी के विकास खण्ड किशनी में मनिगांव मार्ग से बल्लमपुर तक व मनिगांव मार्ग से डेराडूंगर होकर जगतपुर तक मार्ग का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विद्याराम मुनीम व अन्य निवासीगण जनपद मैनपुरी की याचिका उपस्थित करेंगे।

3-श्री सुनील दत्त द्विवेदी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद फर्रुखाबाद के अन्तर्गत स्थित ग्राम सभा विसलपुर तराई से सम्पर्क मार्ग से महमदपुर तराई सम्पर्क मार्ग में पुलिया व सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम लडैते बाथम व अन्य निवासीगण जनपद फर्रुखाबाद की याचिका उपस्थित करेंगे।

4-श्री राजेश त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद गोरखपुर के गोला बाजार नगर पंचायत में बस स्टेशन बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री सच्चिदानन्द शुक्ला व अन्य निवासीगण जनपद गोरखपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

5-श्री विकास गुप्त, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद फतेहपुर के फतेहपुर नगर पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत गोपालनगर उत्तर से जी0टी0 रोड तक के मार्ग को सी0सी0 रोड व

नाली बनवाये जाने के सम्बन्ध में श्री अवनीश कुमार व अन्य निवासीगण जनपद फतेहपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

6–डॉ0 सुनील पटेल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बनारस के विधान सभा क्षेत्र रोहनियां के अन्तर्गत वार्ड संख्या–42 मड़ौली नाथूपुर में अशोक यादव के घर से सुरेंद्र यादव के घर तक इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में डॉ0 नरेन्द्र पटेल व अन्य निवासीगण जनपद वाराणसी की याचिका उपस्थित करेंगे।

7–श्री पुरूषोत्तम खण्डेलवाल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आगरा के भाग्य नगर वार्ड–38 में जल निकासी की समस्या के समाधान कराये जाने के सम्बन्ध में श्री धर्मेन्द्र शर्मा व अन्य निवासीगण जनपद आगरा की याचिका उपस्थित करेंगे।

8–श्री वाचस्पति, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र बारा के ग्राम पंचायत जूही में विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री दिनेश व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित करेंगे।

9–श्री हरिओम वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद कासगंज की तहसील सहावर के ग्राम पंचायत जटाऊ अशोकपुर के अन्तर्गत ग्राम मुनीर में नाला का निर्मण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गौतम राज व अन्य निवासीगण जनपद कासगंज की याचिका उपस्थित करेंगे।

10–श्री दिनेश रावत, मा0 सदस्य, विधान सभा श्री के0पी0 मिश्रा, पूर्व डिपो मैनेजर, यू0पी0 हैण्डलूम रायबरेली के विरुद्ध की गई कार्यवाही पर दिए गए प्रत्यावेदन पर सवेतन बहाली कराये जाने के सम्बन्ध में के0पी0 मिश्रा व अन्य निवासीगण जनपद अयोध्या की याचिका उपस्थित करेंगे।

11–श्री बाबूराम पासवान, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद पीलीभीत के विकास खण्ड पूरनपुर के अन्तर्गत रेलवे लाइन कुरैया कला के पश्चिम डगरे से पूरब डगरे तक सड़क का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री धर्मेन्द्र सिंह व अन्य निवासीगण जनपद पीलीभीत की याचिका उपस्थित करेंगे।

12–श्री रमाशंकर सिंह पटेल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मिर्जापुर के अन्तर्गत विकास खण्ड हलिया के ग्राम सभा गलरिया में सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विपुल सिंह व अन्य निवासीगण जनपद मिर्जापुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

13–श्री अनिल सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद उन्नाव के विधान सभा क्षेत्र पुरवा अन्तर्गत नगर पंचायत मौरावाँ से कानपुर तक परिवहन सेवा की बसें संचालित कराए

जाने के सम्बन्ध में श्री बृजेश शुक्ला व अन्य निवासीगण जनपद उन्नाव की याचिका उपस्थित करेंगे।

14–श्री जाहिद बेग, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद भदोही के विधान सभा क्षेत्र व ब्लॉक भदोही में 100 शैय्या का निर्मित महिला अस्पताल को चालू कराये जाने के सम्बन्ध में श्री हसीब खां व अन्य निवासीगण जनपद भदोही की याचिका उपस्थित करेंगे।

15–श्री रविदास मेहरोत्रा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के विधान सभा मध्य क्षेत्र के अन्तर्गत विक्रमादित्य वार्ड के 1090 के बगल में जियामऊ मुख्य मार्ग वर्मा कोचिंग तक मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में मो0 जावेद खान व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

16–श्री अमरेश कुमार, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र मोहनलालगंज में ग्राम अमवामुर्तजापुर के झंझटी का पुरवा से बरगदिहा बाबामेला होते हुये ग्राम असलम नगर नहर पुल तक मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बीजक प्रकाश व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

17–श्री रामचन्द्र यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद अयोध्या के विकास खण्ड मवई के अन्तर्गत दुल्लापुर नेवरा सम्पर्क मार्ग पासिन का पुरवा (मजरे जयसखपुर गड़रियनपुरवा) सम्पर्क मार्ग के नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री त्रिवेणी व अन्य निवासीगण जनपद अयोध्या की याचिका उपस्थित करेंगे।

18–डा0 नीरज बोरा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के जानकीपुरम द्वितीय वार्ड अन्तर्गत सहारा स्टेट से पहाड़पुर होते हुए कुर्सी रोड तक सड़क निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सागर सक्सेना व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

19–श्री प्रदीप कुमार सिंह (गुड्डू चौधरी), मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद हाथरस के विधान सभा क्षेत्र सादाबाद में विकास खण्ड सादाबाद में जुगसना राजवाहा स्थित ग्राम नगला गिजौली से ग्राम नीतिनिवास तक कच्चे मार्ग का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गिर्राज सिंह व अन्य निवासीगण जनपद हाथरस की याचिका उपस्थित करेंगे।

20–श्री तेज प्रताप सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मैनपुरी के विधान सभा क्षेत्र करहल के ग्राम छेडी में अरेन्ध नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री देवेन्द्र यादव व अन्य निवासीगण जनपद मैनपुरी की याचिका उपस्थित करेंगे।

21-श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र रूधौली के सुरवार कला से सुरवार खुर्द होते हुए बन्नी सोनुपार मार्ग की विशेष मरम्मत करायें जाने के सम्बन्ध में श्री राम केवल चौधरी व अन्य निवासीगण जनपद बस्ती की याचिका उपस्थित करेंगे।

22-श्री महेन्द्र नाथ यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बस्ती के विकास खण्ड बस्ती सदर के ग्राम भोपालपुर प्राथमिक विद्यालय से रवि चौधरी के घर तक की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रवि चौधरी व अन्य निवासीगण जनपद बस्ती की याचिका उपस्थित करेंगे।

23-श्री धर्मराज सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बाराबंकी के बाराबंकी शहर भाग विकास भवन रोड के मोड़ से नाका सतरिख होते हुए गोण्डा रोड तक फ्लाईओवर का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सन्तोष जायसवाल, निवासी जनपद बाराबंकी की याचिका उपस्थित करेंगे।

24-श्री चन्द्रपाल सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बुलन्दशहर के ब्लाक डिबाई के अन्तर्गत गांव रामपुर में नरौरा रोड पर गजराज सिंह के मकान से मुख्य सड़क वेलोन-रामघाट मार्ग तक सी0सी0 व नाली का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री हरी सिंह व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित करेंगे।

25-श्री सत्यपाल सिंह राठौर, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद एटा के धुमरी-सिड़पुरा रोड पर कस्बा धुमरी के अन्दर क्षतिग्रस्त मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कालीचरन प्रधान व अन्य निवासीगण जनपद एटा की याचिका उपस्थित करेंगे।

26-श्रीमती पूजा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आजमढ़ के विधान सभा क्षेत्र मेंहनगर के ग्राम सभा विजयीपुर प्राथमिक विद्यालय से नहर की पुलिया तक की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नागेन्द्र यादव व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगी।

27-श्री महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद अमरोहा के नगरपालिका हसनपुर के अन्तर्गत हसनपुर नगर में 200 के0वी0 का बिजली घर का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मयंग अग्रवाल व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित करेंगे।

28-श्रीमती शुचिस्मिता मौर्या, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मीरजापुर की तहसील मीरजापुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दाढ़ीराम के गोड़रा में 500 मीटर नाली का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जमुना प्रजापति व अन्य निवासीगण जनपद मीरजापुर की याचिका उपस्थित करेंगी।

29-श्री किरत सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद सहारनपुर की तहसील रामपुर मनिहारन के ब्लॉक नानौता में श्री सतगुरु समनदास चेरिटेबिल ट्रस्ट महत्वपूर्ण सत्संग स्थल का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मेहर सहगल व अन्य निवासीगण जनपद सहारनपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

30-श्री गणेश चन्द्र चौहान, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद संतकबीरनगर के विकास खण्ड हैसर एवं विकास खण्ड नाथनगर के ग्राम रामपुर छितौनी के पास जल निकासी हेतु पम्प की व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सन्तोष व अन्य निवासीगण जनपद संतकबीरनगर की याचिका उपस्थित करेंगे।

31-श्रीमती मीनाक्षी सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बुलन्दशहर के विधान सभा क्षेत्र खुर्जा के ग्राम हजरतपुर में गजेन्द्र के घर से मंदिर होते हुए जी0टी0 रोड हाईवे तक के रास्ते का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गोरखी सिंह व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित करेंगी।

32-श्री संदीप सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद प्रयागराज के मेजा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड माण्डा के ग्राम सभा उल्दा से कोसन्दा सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री इन्द्रजीत यादव व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित करेंगे।

33-श्री राकेश गोस्वामी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद महोबा विधान सभा क्षेत्र महोबा के ग्राम श्रीनगर बिलखी तिगेला से ग्राम अतरार माफ तक सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रामनारायण व अन्य निवासीगण जनपद महोबा की याचिका उपस्थित करेंगे।

34-श्री सुहेब उर्फ मन्नु अन्सारी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ विधान सभा क्षेत्र सरोजनीनगर के अन्तर्गत अर्जुन एन्क्लेव, अर्जुनगंज में श्री मौर्य के घर से श्याम मिष्ठान वाटिका (निकट सुल्तानपुर रोड) तक लगभग 200 मीटर सी0सी0/इण्टरलॉकिंग सड़क

एवं नाली का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रणजीत मौर्य व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

35-श्री बीरेन्द्र सिंह राणा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद हाथरस के ग्राम झीगुरा से ककोड़ी तक सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नीरज शर्मा व अन्य निवासीगण जनपद हाथरस की याचिका उपस्थित करेंगे।

36-श्री दीपक पटेल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद प्रयागराज के विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम पचांयत बरईपुर में ढीहेश्वर महादेव (शिव मन्दिर) मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं आने जाने वाले मार्ग का मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राजीव तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित करेंगे।

37-श्री अरविन्द कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद शाहजहाँपुर विधान सभा क्षेत्र-136, ददरौला के विकास खण्ड ददरौला में सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कुलदीप सिंह व अन्य निवासीगण जनपद शाहजहाँपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

38-श्री ऋषि त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद महराजगंज विधान सभा क्षेत्र नौतनवां के अन्तर्गत ग्राम सेमरहवा में रोहिन नदी पार करने के लिये एक सेतु का निर्माण एवं वनक्षेत्र में 10 फीट खाई खुदवाकर जंगली पशुओं का वन में आवागमन रोके जाने के सम्बन्ध में श्री सुनील कुमार व अन्य निवासीगण जनपद महराजगंज की याचिका उपस्थित करेंगे।

39-डॉ0 मंजू शिवाच, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद गाजियाबाद विधान सभा क्षेत्र मोदीनगर के अन्तर्गत ग्राम अतरौली से मिरापुर तक सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रोहित तोमर व अन्य निवासीगण जनपद गाजियाबाद की याचिका उपस्थित करेंगे।

40-डा0 अजय कुमार, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बागपत में छपरौली विधान सभा क्षेत्र के छपरौली-टाण्डा मार्ग से ग्राम कुर्डी शिव मन्दिर तक मार्ग का नव निर्माण लोक निर्माण विभाग से कराये जाने के सम्बन्ध में श्री आशीष व अन्य निवासीगण जनपद बागपत की याचिका उपस्थित करेंगे।

41-डा0 जी0एस0 धर्मेश, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आगरा विधान सभा क्षेत्र छावनी के अन्तर्गत पूर्व में संचालित पराग डेयरी प्लांट को पुनः संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राकेश दरवारी व अन्य निवासीगण जनपद आगरा की याचिका उपस्थित करेंगे।

42-श्री राजेश चौधरी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मथुरा तहसील मांट के अन्तर्गत ग्राम अमानुल्लापुर से वनखंडी महादेव मंदिर तक लगभग 1 किमी0 सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुभाष प्रधान व अन्य निवासीगण जनपद मथुरा की याचिका उपस्थित करेंगे।

43-श्री विनोद शंकर अवस्थी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखीमपुर के अन्तर्गत ब्लाक धौरहरा में पीलीभीत बस्ती मार्ग से भरेहटा देवीस्थान तक रपटा पुल एवं डामरीकरण (500 मी0) का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राजाराम शाक्य व अन्य निवासीगण जनपद लखीमपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

44-श्री जवाहर लाल राजपूत, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद झांसी के अन्तर्गत पारीछा बांध की गुरसराय मुख्य नहर की क्षमता बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में श्री कुलदीप पटेल व अन्य निवासीगण जनपद झांसी की याचिका उपस्थित करेंगे।

45-श्री सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद कुशीनगर के विधान सभा क्षेत्र फाजिलनगर के अन्तर्गत विकास खण्ड दुदही के ग्राम सभा जंगल घोरठ में घोरठ शाहपुर प्रधानमंत्री सड़क से इनर पट्टी जाने वाले सड़क मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राधेश्याम पाण्डेय व अन्य निवासीगण जनपद कुशीनगर की याचिका उपस्थित करेंगे।

46-श्री मनोज कुमार पारस, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बिजनौर के ब्लाक किरतपुर के ग्राम दूधली में राजकीय इण्टर कालेज का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मौ0 आबिद व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित करेंगे।

47-श्री राज मणि कोल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद प्रयागराज विधान सभा क्षेत्र कोरांव के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बड़ोखर को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में श्री अनिल मिश्र व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित करेंगे।

48-श्री राम फेरन पाण्डेय, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड इकौना के ग्राम बीरपुर चौराहा पर विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शिव कुमार व अन्य निवासीगण जनपद श्रावस्ती की याचिका उपस्थित करेंगे।

49-श्री विपुल दुबे, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के अन्तर्गत स्टार एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित किंग जार्ज स्कूल पर किये गये अवैध कब्जे को हटवाये

जाने एवं स्थानीय पुलिस की संलिप्तता की जाँच कर चुनाव प्रक्रिया को बहाल कराये जाने के सम्बन्ध में श्री केशव कुमार यादव निवासी जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

50-श्री त्रिभुवन दत्त, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद अम्बेडकरनगर विधान सभा क्षेत्र आलापुर के विकास खण्ड-रामनगर के ग्राम अछती (नेवादा) में माधव यादव के ट्यूबवेल से बलिकरन यादव के घर तक सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जगदीश यादव व अन्य निवासीगण जनपद अम्बेडकरनगर की याचिका उपस्थित करेंगे।

51-श्री राजेन्द्र सिंह पटेल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद फतेहपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड देवमई ग्राम पंचायत कृपालपुर बिंधा स्थित बिंदेश्वरी धाम मन्दिर तक सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राज कुमार व अन्य निवासीगण जनपद फतेहपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

52-श्री रमेश जायसवाल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद चन्दौली के अन्तर्गत नगर पंचायत चन्दौली के वार्ड संख्या-11 संजय नगर के सर्वेश्वरी कालोनी में मेन रोड से आदित्य हॉस्पिटल से ईरा सिंह के मकान से होते हुए डॉ0 शर्मा के मकान तक सड़क व नाली का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती ईरा सिंह व अन्य निवासीगण जनपद चन्दौली की याचिका उपस्थित करेंगे।

53-डा0 राघवेन्द्र शर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बिजनौर के मुख्यालय बिजनौर पर स्थित इन्दिरा विहार कालोनी के निकट टीचर्स अपार्टमेन्टस से लेकर वी0के0 गार्डन बैंकट हाल मोड़ तक (बिजनौर जाने वाले मार्ग तक) सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अंशू विश्नोई व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित करेंगे।

54-श्री वीरेन्द्र कुमार यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद गाजीपुर के ब्लाक जमनिया के अन्तर्गत ग्राम मकसूदपुर में 100 के0वी0ए0 का ट्रांसफार्मर लगाये जाने के सम्बन्ध में श्री राजेन्द्र यादव निवासी जनपद गाजीपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

55-श्री प्रेम सागर पटेल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद महराजगंज के विधान सभा क्षेत्र सिसवां के अन्तर्गत गण्डक नदी पर बड़ा सेतु का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनोज सिंह व अन्य निवासीगण जनपद महराजगंज की याचिका उपस्थित करेंगे।

56–श्रीमती ऊषा मौर्या, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद फतेहपुर विधान सभा क्षेत्र हुसैनगंज में हुसैनगंज गंगा नहर में कदम पुलिया का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मोहम्मद शमीम व अन्य निवासीगण जनपद फतेहपुर की याचिका उपस्थित करेंगी।

57–श्री अब्बास अंसारी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मऊ विधान सभा क्षेत्र–356, सदर, शारदा सहायक खण्ड–32 आजमगढ़ से इन्दारा राजवाहा की दूरी 85 किमी0 होने के कारण इन्दारा राजवाहा में पानी समय से न मिलने की समस्या के निराकरण हेतु दोहरी घाट पम्प कैनाल से जोड़े जाने के सम्बन्ध में श्री विजय राजभर व अन्य निवासीगण जनपद मऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

58–ठा0 रामवीर सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद मुरादाबाद में डियर पार्क रोड (मुरादाबाद से रामपुर की ओर) को स्टेट हाईवे के रूप में विकसित किये जाने के सम्बन्ध में श्री रविन्द्र सिंह निवासीगण जनपद मुरादाबाद की याचिका उपस्थित करेंगे।

59–श्री देवेन्द्र सिंह राजपूत, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद कासगंज विधान सभा क्षेत्र 100–कासगंज के अन्तर्गत सिकन्दरा मार्ग से बहटा वाया राजपुर तक सड़क मार्ग का मरम्मतीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जंगाली सिंह व अन्य निवासीगण जनपद कासगंज की याचिका उपस्थित करेंगे।

60–श्री आशीष कुमार सिंह उर्फ आशू, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद हरदोई विधान सभा क्षेत्र–159, बिलग्राम–मल्लावां के अन्तर्गत ग्राम अल्लीगढ़ से इटौली तक सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शारदा बक्श सिंह राजपूत व अन्य निवासीगण जनपद हरदोई की याचिका उपस्थित करेंगे।

61–श्री मोहन वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के वृन्दावन उतरेठिया में 150 मी0 सी0सी0 रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शिव करन कुशवाहा व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

62–डा0 विमलेश पासवान, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद के अन्तर्गत इनायतपुर में ग्राम समाज की जमीन एवं तालाब व बंजर जमीन को कब्जा मुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में श्री हरि कुमार व अन्य निवासीगण जनपद सीतापुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

63–श्री पीयूष रंजन निषाद, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद प्रयागराज की विधान सभा करछना के अन्तर्गत ग्राम सभा डीहा में 100 बेड के अस्पताल की स्थापना कराये जाने

के सम्बन्ध में श्री त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित करेंगे।

64-श्री प्रदीप कुमार चौधरी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बुलन्दशहर सदर विधान सभा के अन्तर्गत ग्राम भंडौली में जगवीर की दुकान से आरा मशीन तक 100 मी0 सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री केशव चौधरी व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित करेंगे।

65-श्री रमेश चन्द्र मिश्र, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद जौनपुर विकास खण्ड बदलापुर के अन्तर्गत सिंगरामऊ से पूरालाल भगवानपुर से पृथ्वीगंज प्रतापगंज बार्डर तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सिकन्दर मौर्य व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

66-श्री शफीक अहमद अंसारी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद रामपुर के टांडा बाईपास के नव निर्माण के सम्बन्ध में श्री शकील जमील व अन्य निवासीगण जनपद रामपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

67-श्री राम निवास वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ विधान सभा क्षेत्र मोहनलाल गंज के अन्तर्गत ग्राम रायपुर के पास से निकलने वाली लोनी नदी के पुल से रायपुर गार्डेन होते हुए ग्राम देहरामऊ की पक्की सड़क को जोड़ने वाले लगभग 500 मीटर लम्बे खड़न्जा मार्ग को आर0सी0सी0 अथवा डामर रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री भाई लाल व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

68-डॉ0 एच0 एन0 सिंह पटेल, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आजमगढ़ विधान सभा क्षेत्र-345, सगड़ी के विकास खण्ड-अजमतगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चायपुर में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर दलित बस्ती के पास लगाये जाने के सम्बन्ध में श्री जनार्दन व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे।

69-श्री हाजी नासिर कुरैशी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आजमगढ़ विधान सभा क्षेत्र-27, मुरादाबाद ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड-भगतपुर टांडा ग्राम पंचायत रानीनागल से भोजपुर को जाने वाले कच्चे मार्ग नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री वाजिद प्रधान व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे।

70-श्रीमती सरोज कुरील, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद कानपुर नगर विधान सभा क्षेत्र घाटमपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जुरइयं से भवनपुर होते हुए शिव हरि धाम तक नये

काले डामर रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनीष कुमार व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर नगर की याचिका उपस्थित करेंगी।

71-श्री प्रकाश द्विवेदी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बाँदा के विकास खण्ड-महुआ के ग्राम खुरहण्ड, छिबाव एवं मकरी में नलकूप स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम बहादुर सिंह व अन्य निवासीगण जनपद बाँदा की याचिका उपस्थित करेंगे।

72-श्रीमती अलका सिंह अर्कवंशी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद हरदोई के ब्लाक भरावत के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बंगालपुर में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री लालता प्रसाद अर्कवंशी व अन्य निवासीगण जनपद हरदोई की याचिका उपस्थित करेंगी।

73-श्री राज प्रसाद उपाध्याय, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के अन्तर्गत अवध विहार योजना में श्रीमती मंजूलिका मिश्रा पत्नी श्री राम आसरे मिश्रा की भूमि खसरा संख्या-1627 की अर्जनमुक्त-253.343 वर्ग मी0 क्षेत्रफल के बराबर अवध विहार योजना सेक्टर-5 में विभाग द्वारा चिन्हांकित भू-खण्ड संख्या 5/2 व 5/3 में समायोजन/आवंटन कर रजिस्ट्री कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती मंजूलिका मिश्रा व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

74-श्री योगेश शुक्ला, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के नगर निगम के अन्तर्गत वार्ड इस्माइलगंज द्वितीय में दयाल रेजीडेन्सी कॉलोनी के अन्तर्गत आवागमन हेतु पी0डब्लू0डी0 मुख्य मार्ग से धौकलपुर मुख्य नाला होते हुये उमापति महादेव मन्दिर तक सड़क/नाला एवं सम्बन्धित जर्जर गलियों के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में श्री गौरव रस्तोगी निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

75-श्री बेचई सरोज, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के विधान सभा उत्तर के अन्तर्गत अशोक विहार कालोनी, गाजीपुर बलराम, फैजुल्लगंज, वार्ड नं0-4, नगर निगम जोन 3 में श्री जय प्रकाश तिवारी (लेन नं0-3) के घर के सामने से डॉ0 प्रमोद कुमार श्रीवास्तव (लेन-4) के घर तक लं0 लगभग 350 मी0 सी0सी0/इण्टरलॉकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जय प्रकाश तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

76-श्री रामपाल वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद हरदोई के विधान सभा बालामऊ के अन्तर्गत विकास खण्ड कोथवां के नगर पंचायत बेनीगंज में पशु चिकित्सालय का

पुनः नव निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री उमेश चन्द्र जनपद हरदोई की याचिका उपस्थित करेंगे।

77-श्री राकेश कुमार यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बलरामपुर के विधान सभा क्षेत्र गैंसडी के अन्तर्गत भगवानपुर खादर घाट में बूढी राप्ती नदी में पुल के निर्माण के सम्बन्ध में श्री अमृतलाल उर्फ गुड्डू यादव व अन्य निवासीगण जनपद बलरामपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।

78-श्री जियाउद्दीन रिजवी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बलिया की तहसील सिकन्दरपुर में घाघरा नदी किनारे के गोसाईपुर, पुरूषोत्तमपट्टी एवं जिन्दापुर आदि गांवों को बचाने के लिए बन्धा एवं यू0टी0यू0बी0 के माध्यम से पत्थर डालकर कटान से बचाये जाने के सम्बन्ध में श्री अवधेश यादव व अन्य निवासीगण जनपद बलिया की याचिका उपस्थित करेंगे।

79-श्री प्रभाष कुमार, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद हरदोई के विधान सभा क्षेत्र साण्डी के अन्तर्गत विकास खण्ड-सुरसा में केहरमऊ में पान्टून पुल बनवाये जाने के सम्बन्ध में श्री शोभित सिंह व अन्य निवासीगण जनपद हरदोई की याचिका उपस्थित करेंगे।

80-श्रीमती रेखा वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद औरैया के विधान सभा क्षेत्र-202, बिधुना के अन्तर्गत विकास खण्ड-बिधूना में स्टेडियम निमाण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मूलचन्द्र पाल व अन्य निवासीगण जनपद औरैया की याचिका उपस्थित करेंगी।

81-श्री अभय सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद उन्नाव के विधान सभा क्षेत्र सफीपुर के ग्राम सभा राजेपुर के नंगलाखेडा में दुर्गा मन्दिर से बबलू के घर तक के रास्ते का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री देशराज व अन्य निवासीगण जनपद उन्नाव की याचिका उपस्थित करेंगे।

82-श्री संग्राम यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद इटावा के विधान सभा क्षेत्र सदर के डा0 भीमराव अम्बेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय तिराहे से लुहन्ना चौराहे तक रोड का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुन्दर सिंह चौहान व अन्य निवासीगण जनपद इटावा की याचिका उपस्थित करेंगे।

83-श्री अखिलेश यादव, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर की ग्राम पंचायत शेरपुर चिरैयाकोट मार्ग से चौहान बस्ती से बैलाकोट राजवाहा पटरी पर लेपन का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नंगा व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे।

84-श्री शहजिल इस्लाम अंसारी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बरेली की तहसील बरेली सदर के अन्तर्गत विकास खण्ड-भोजीपुरा के ग्राम बंजरिया जागीर में पुलिया से बाबू मंसूरी के घर होते हुए एम0एस0 स्कूल तक सी0सी0 का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री लईक अहमद व अन्य निवासीगण जनपद बरेली की याचिका उपस्थित करेंगे।

85-श्री जय प्रताप सिंह, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के चिनहट ब्लॉक के ग्राम सिकंदर पुर खुर्द के मजरा बगुलहा के पूर्व (बाहर) से गोमती नदी (ब्रह्म बाबा) घाट तक सी0सी0 रोड/सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नौमी लाल व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे।

86-श्री सुभाष त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद बहराइच के विधान सभा प्यागपुर के अन्तर्गत ग्राम सेमरौना गंगवल व देवीदासपुर क्षेत्र में विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम निवास निषाद व अन्य निवासीगण जनपद बहराइच की याचिका उपस्थित करेंगे।

87-श्री मोहित सोनकर 'राहुल बच्चा', मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद कानपुर नगर के ग्राम बरइयनपुरवा ग्राम पंचायत अरौल में सड़क का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सरमन चौरसिया व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर नगर की याचिका उपस्थित करेंगे।

88-श्री अतुल प्रधान, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद अमरोहा की तहसील हसनपुर के ग्राम कोटा से ग्रोम घोसीपुर मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सतेन्द्र सिंह व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित करेंगे।

89-श्री गुरुप्रसाद मौर्य, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद प्रयागराज के विकास खण्ड होलागढ़ अन्तर्गत जीतपुर नेवादा से वाया न्याईपुर मुकुन्दपुर तक नहर की पटरी का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रामजी शुक्ला व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित करेंगे।

90-श्रीमती सैय्यदा खातून, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज क्षेत्र के वि0ख0-डुमरियागंज में नऊवा गांव से बिलहट तक की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री इशहाक अंसारी व अन्य निवासीगण जनपद सिद्धार्थनगर की याचिका उपस्थित करेंगी।

91-श्रीमती ओम मणि वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद लखनऊ के वृंदावन कालोनी सेक्टर-6 के पास स्थित प्रेमनगर कालोनी के बगल में नगर निगम जोन-8 की खाली पड़ी भूमि नं0-173 पर प्रस्तावित पार्क का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती सीता रजक निवासी जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगी।

------

# नत्थी (ग)

## वित्तीय वर्ष 2026-2027 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

प्रस्तावक का नाम

श्री माता प्रसाद पाण्डेय,

श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना',

श्री शिवपाल सिंह यादव,

श्री कमाल अख्तर,

श्री अतुल प्रधान,

श्री राममूर्ति वर्मा,

श्री नफीस अहमद,

श्री महेन्द्र नाथ यादव,

श्री ओम प्रकाश,

डा0 संग्राम यादव,

इंजी0 सचिन यादव,

श्री पंकज पटेल,

श्री पंकज कुमार मलिक,

श्री राकेश कुमार यादव,

डा0 आर0 के0 वर्मा,

श्री शाहिद मंजूर,

प्रस्ताव का रूप

सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रुपया कर दी जाय।

कमी करने का उद्देश्य-विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना।

| <u>प्रस्तावक का नाम</u> | <u>प्रस्ताव का रूप</u> |
|---|---|
| श्री गौरव कुमार रावत,<br>श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी,<br>डॉ0 रागिनी,<br>श्री मौहम्मद फहीम इरफान,<br>श्रीमती पूजा,<br>श्री दुर्गा प्रसाद यादव,<br>श्री मनोज कुमार पारस,<br>श्री वीरेन्द्र चौधरी,<br>इंजी0 बृजेश कठेरिया,<br>एवं<br>श्री अखिलेश यादव। | |

निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा मुद्रित।